**खबर संक्षेप**

### विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा शिक्षा के लिए प्रयास, शालाओं को समर्पित की पुस्तके



**भुआबिछिया।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा छात्रों के उज्वल भविष्य को देखते हुए शालाओं में लाइब्रेरी का उद्घाटन कर छात्र छात्राओं को पुस्तके वितरण की आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैझर विकासखंड घुघरी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमडोंगरी विकासखंड मवई में विधायक निधि से पुस्तकें प्रदाय कर विद्यार्थियों को समर्पित किया। विधायक श्री पट्टा ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूलों के बच्चे बहेतरीन पढ़ाई कर शिक्षा के छेत्र में आगे बढ़ सकें इस हेतु हमारा यह प्रयास विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हर शासकीय स्कूलों तक शालाओं में पुस्तकों का वितरण जारी रहेगा जिससे ग्रामीण छात्र अपने अध्यापन के छेत्र में आगे बढ़ सके और शिक्षा का विस्तार हो सके।

## जर्जर भवन में किसी भी स्थिति में न लगे शाला-सांसद

# स्कूल भवन का गिरा छप्पर

*** जिला शिक्षा केन्द्र भवन को नहीं मान रहा जर्जर।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

तीन दिन पूर्व ही जिले के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने समीक्षा बैठक के दौरान जिले के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि किसी भी स्थिति में जर्जर या खतरनाक शाला भवनों में शाला न लगाई जाये अन्यथा कोई भी घटना होती है तो फिर दोषी बख्से नहीं जायेंगे लेकिन जिले के अधिकारियों को शायद सांसद महोदय की चेतावनी का कोई असर होता दिखाई नहीं दिया यही कारण है कि न तो उनकी बात को गंभीरता से लिया गया और न ही इस दिशा में कोई प्रयास किये गये और नतीजा यह हुआ कि जिला मुख्यालय से महज 06 किलोमीटर दूर स्थित एक जर्जर शाला भवन का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया वह तो ऊपर वाले की कृपा रही कि घटना ऐसे समय हुई जब शाला बंद थी लिहाजा कोई हताहत नहीं हुआ अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था।

### जिला शिक्षा केन्द्र का अनोखा जबाव



शाला भवन के स्टोर रूम के छप्पर के गिर जाने पर जिला स्त्रोत समन्वयक अरविन्द विश्वकर्मा का कहना है कि हमारे इंजीनियर श्री सनोडिया द्वारा बताया गया था कि यह भवन जर्जर नहीं है लिहाजा हमनें इस हेतु कोई प्रयास नहीं किया। अब जबकि छप्पर गिरने की घटना हो ही चुकी है तो अब डीएमएफ मद से मरम्मत की राशि स्वीकृत कराने का प्रयास किया जायेगा स्कूल को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने पर भी विचार हो रहा है।

### पिछले 11 वर्षो से की जा रही मरम्मत की मांग

प्राथमिक शाला खुड़िया की शिक्षिका का कहना है कि उनके द्वारा पिछले 11 वर्षो से इस शाला भवन के मरम्मत की मांग की जा रही है लेकिन आज दिनांक तक इस हेतु न तो जिला शिक्षा केन्द्र से न ही पंचायत स्तर से और न ही जिला प्रशासन से किसी तरह का सहयोग प्राप्त हुआ जैसे-तैसे अपने स्तर से और पालकों के सहयोग से किसी तरह छोटी-मोटी मरम्मत कराकर शाला संचालित की जाती रही है पूरा शाला भवन इस स्थिति में है कि कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। कल जब स्टोर भवन का छप्पर गिरा तो कम से कम यह गनीमत रही कि उस दौरान कोई छात्र उस कमरे में नहीं था नहीं तो छप्पर का क्षतिग्रस्त हिस्सा और इतने भारी भरकम खपरेल की चोट से कोई भी गंभीर रूप से घायल हो सकता था।

### जिला प्रशासन को क्यों नहीं होती जानकारी

शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही बड़ी-बड़ी बैठकों में यह बताया जाता है कि शाला भवनों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की गई, बरसात पूर्व ही मरम्मत के निर्देश दिये गये, जर्जर भवनों में शाला न लगाने के आदेश जारी किये गये और इन निर्णयों की बड़ी-बड़ी विज्ञप्तियाँ मीडिया को जारी की जाती है बावजूद इसके हकीकत ठीक इससे उलट होती है जब कहीं कोई घटना-दुर्घटना होती है तब जाकर जिला प्रशासन को इस बात की जानकारी हो पाती है कि उक्त भवन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में था या जर्जर था लेकिन जिले के अधिकारियों ने वास्तविकता से जिला प्रशासन को परिचित नहीं कराया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का पूरा फोकस सिर्फ और सिर्फ नियम विरूद्ध काम कर पैसा कमाना रह गया है इन्हें न तो छात्रों के भविष्य से कोई मतलब है और न ही उनकी सुरक्षा इनके लिये कोई मायने रखती है। इन अधिकारियों को न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिये निर्देशों की इज्जत है और न ही जिला प्रशासन का कोई खौफ, न तो प्रदेश स्तर से जारी निर्देशों के पालन का कोई डर है और न ही बदहाल होती शिक्षा व्यवस्था की कोई चिंता। इनके लिये तो यही पंक्ति सही फिट बैठती है कि "अपना काम बनता भाड़ में जाये जनता।"

## यातायात अभियान के तहत 1235 वाहनों से वसूला 5,65,000 रुपए का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा 15 दिवसीय अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जिले के समस्त थाना अंतर्गत कार्यवाई की जा रही है।

अभियान के अंतर्गत अभी तक समस्त थानों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर कार्रवाई की गई कार्यवाही में अब तक कुल 1235 वाहनों पर 5 लाख 65 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

साथ ही पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने अपील की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटना पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 11 बिंदुओं के अंतर्गत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है जिसमें बिना लाइसेंस वाहन चलाना, नाबालिक द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, रॉन्ग साइड वाहन चलाना, बिना फिटनेस वाहन चलानाऔर बिना परमिट वाहन चलाना शामिल है।

### लाइसेंस निरस्त और रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल किया जाएगा

बार-बार नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा एवं नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने देने पर लाइसेंस निरस्त करने के साथ रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल करने परिवहन विभाग को पत्र भेजा गया है।

अभियान मे अब तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 45 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने हेतु परिवहन विभाग को प्रतिवेदन भेजा गया है तथा अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 13 वाहन चालकों द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव करते समय पकड़े जाने पर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया इनमें से तीन प्रकरणों में न्यायालय द्वारा 31,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।



## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बिछिया में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के सुअवसर पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के अनुक्रम में भाजपा प्रदेश संगठन की मंशानुसार जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशानुसार तथा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट की नेतृत्व में लगातार एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तारतम्य में सर्वप्रथम दिनांक 17.09.2025, दिन बुधवार को प्रातः 07.30 बजे से नगर भुआ बिछिया में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद प्रातः 10.00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में उपलब्ध मरीजों को फल आदि वितरण करने के पश्चात स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मोतियाबिंद सहित कई बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया गया। इसी दौरान गुरु साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 सालाना धार्मिक नगर कीर्तन मंडली के असम (गुवाहाटी) से नगर भुआ बिछिया में शुभ आगमन पर सभी कार्यकर्ता बंधु, मातृशक्तियों एवं नगरवासियों द्वारा उनका स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर विजय आनंद मरावी रहे। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में मंचासीन लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा नेता डॉक्टर विजय आनंद मरावी, मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर, जिला मंत्री शशिकांत श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह कोकडिया, सांसद प्रतिनिधि विकास पिपरसानिया एवं समस्त कार्यकर्ता बंधु तथा नगरवासी, क्षेत्रवासी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा नेता डॉक्टर विजय आनंद मरावी तथा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर अपने अपने विचार रखे और श्री मोदी के कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से सभी उपस्थितजनों ने देखा।

## बिछिया पेसा ग्राम पंचायत भीमा में शांति और विवाद निवारण समिति में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



पैसा नियम 2022 के तहत शान्ति एवं विवाद निवारण समिति भीमा द्वारा ग्राम में शांति सौहाद्र बनाए रखने के तहत किसी भी विवाद का निवारण, करने ग्राम पंचायत की सभा के द्वारा किया जाता है इसी के तहत चौपाल लगाकर ग्राम के समारू यादव पिता मंगल यादव उम्र 47 डूमर टोला भीमा ने आए दिन गाली गलोच असहनीय भाषा का उपयोग कर मनसुख यादव पिता मंगलू के परिवारो को गाली गालोच एवं सीता बाई के परिवार को गाली गलौच करता था तथा अपने बहु बेटा पत्नि को भी कई प्रकार से प्रताड़ित करता था अपने ही परिवार वालों को परेशान करता था,जिससे डूमर टोला भीमा में अशांति का माहोल फैला हुआ था मनसुख यादव ने शान्ति एवं विवाद निवारण समिति को जानकारी दी बैठक बुलाई जिसमें उपस्थित समस्त पंच गण एवं सदस्य, तथा बुजुर्ग गढ़ भूतपूर्व पंच चमरा यादव, सुखचेन कुलस्ते, राकेश सैयाम परसराम यादव , राजकुमारी यादव बुद्धो बाई यादव, रामली, ग्राम कोटवार, रामानंद पड़वार, ओम नरेश सैयाम, सीता बाई, गिरानो बाई, राम यादव, भारत यादव, सतीष यादव, दुर्गेश, अजय, पुष्पा यादव, पेसा मोबिलाइजर किशोर कुमार यादव एवं समस्त उपस्थित सदस्यो द्वारा विवाद का निवारण किया गया जिसमें समरु यादव सभी सदस्यों के सामने दोनों हाथ जोड़कर माफी मांगा और कहा है कि आज दिनांक केबाद कोई प्रकार से किसी भी के साथ विवाद नाही करेगा और ना असहनीय शब्दों का प्रयोग जिस पर सभी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर प्रकरण का निवारण किया।

**सफलता** | **जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने रचा इतिहास।**

# सफलतापूर्वक हुई टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी

*** डॉ. हेमेन्द्र चौहान के आने से बदली चिकित्सालय की स्थिति।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला अस्पताल मंडला ने चिकित्सा सेवाओं में नया कीर्तिमान स्थापित किया है- यहां-16 सितम्बर-2025 दिन मंगलवार को पहली बार टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी (THR) सफलतापूर्वक की गई।

मरीज रमेश (परिवर्तित नाम- उम्र-33 वर्ष) लंबे समय से दोनों कुल्हों में असहनीय दर्द और चलने- फिरने में कठिनाई से जूझ रहे थे- सभी जांचों के बाद यह पाया गया कि मरीज के दोनों कुल्हों के जोड़ पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं- यह स्थिति चिकित्सकीय भाषा में एवीएन (Avascular Necrosis of Femoral Head – AVN) कहलाती है।

जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमेंद्र चौहान तथा डॉ. अविनाश खरे द्वारा की गई जांच में मरीज में एवस्कुलर नेक्रोसिस ऑफ फीमोरल हेड (AVN) की पुष्टि हुई- इसके बाद तत्काल मरीज के दायें कुल्हे का टोटल हिप रिप्लेसमेंट (THR) किया गया- जो पूरी तरह सफल रहा।



ऑपरेशन के बाद मरीज अब सामान्य रूप से चलने- फिरने और दैनिक कार्य करने में सक्षम हो पाएंगे- यह जिला चिकित्सालय मंडला में किया गया पहला सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट (THR) है- इस ऐतिहासिक उपलब्धि में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. डी. जे. मोहंती और सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे के मार्गदर्शन में टीम ने सर्जरी को अंजाम दिया- ऑपरेशन थिएटर टीम में ऐ रहे शामिल डॉ. हेमेंद्र चौहान (अस्थि रोग विशेषज्ञ) ड्ड डॉ. अविनाश खरे ड्ड डॉ. अंशुल शर्मा ड्ड डॉ. दिव्येश पटेल (मेडिसिन विभाग) निश्चेतना (एनेस्थीसिया) विभाग से डॉ. प्रवीण उइके और डॉ. सोनम चौरसिया ने अपनी भूमिका निभाई।

सर्जरी के दौरान सहयोग करने बाली नर्सिंग स्टाफ की टीम शहनाज़ खान (OT इंचार्ज), विनीता टांडिया, स्वाति श्रीवास, ब्रजेन्द्र बैरागी (नर्सिंग ऑफिसर), अंकिता।

सपोर्ट स्टाफ में बलराम मरावी- पुष्पेंद्र यादव- मुकेश जंघेला- विमला बाई और गीता बाई ने अहम योगदान दिया।

डॉक्टरों ने बताया कि यह सर्जरी उन मरीजों के लिए नई उम्मीद है- जो लंबे समय से हड्डियों की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे और चलने- फिरने में असमर्थ थे- अब मरीज सामान्य जीवन की ओर लौट सकेंगे।

मरीज के परिजनों ने खुशी जताते हुए कहा कि "हम सोच रहे थे कि बड़े शहर जाना पड़ेगा- लेकिन मंडला के अस्पताल में ही इतना बड़ा ऑपरेशन सफल हुआ- हमें गर्व है कि हमारे जिले में अब आधुनिक सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

स्थानीय नागरिकों ने भी जिला अस्पताल की इस उपलब्धि पर बधाई दी और इसे मंडला के स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी कामयाबी बताया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मंडला जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। आयोजित शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में आयोजित किया गया।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, भाजपा मंडल ब्लाक अध्यक्ष किसन तेकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. विजय सर्वटे, समाजसेवी दीपक पदम, सीबीएमओ डॉ अमृत लाल कोल, ब्लाक परियोजना अधिकारी संजीव मोहरे समेत ग्रामीण और सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने उपस्थितजनों को बताया कि अब 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला, महिला बाल विकास, आंगनवाडी कार्यकर्ता समेत अन्य विभाग भी इसके लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। प्रसव के दौरान वाहन की सुविधा लाने और ले जाने के लिए दी जा रही है। इसके साथ ही प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

### शिविर में हुई महिलाओं की सभी जांचें

बताया गया कि शिविर के दौरान महिलाओं की सभी जांचे की गई और परिणाम तुरंत महिलाओं को दिए गए। शिविर में हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, टीबी, एनीमिया और सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही एएनसी चेकअप, ब्लड शुगर की जांच और टीकाकरण किया गया। शिविर में आने वाले लोगों को निःशुल्क पोषण संबंधी सलाह भी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरित कर दी गई दीर्घायु की शुभकामनाएं



**गोरखपुर, डिंडौरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरखपुर में मरीजों को फल वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री और मंडल प्रभारी गजेन्द्र करचाम, भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्वनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष वर्षा कुशराम, गोरखपुर की सरपंच रामेश्वरी मार्को, मंडल उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज प्यासी सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।सभी कार्यकर्ताओं ने सेवा भावना के साथ मरीजों को फल वितरित किए और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति की कामना की।

### प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी के घर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर हुई गहन चर्चा

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपने अनूपपुर प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव पंडित प्रेम कुमार त्रिपाठी के निवास पर पहुँचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होने श्री त्रिपाठी से कांग्रेस की वर्तमान स्थिति और संगठन को और मज़बूत बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह भी मौजूद रहे। उमंग सिंघार का स्वागत श्री त्रिपाठी की धर्मपत्नी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ऊषा त्रिपाठी, पुत्र एवं कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी तथा बहू, वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद डॉ. प्रवीण आशीष त्रिपाठी ने तिलक लगाकर किया। परिवार ने उनके संघर्षों को सफल परिणति मिलने की ईश्वर से प्रार्थना की। चर्चा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पंडित त्रिपाठी से मार्गदर्शन प्राप्त कर जिले में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उमंग सिंघार ने भी श्री त्रिपाठी से जिला कांग्रेस कमेटी को समय-समय पर मार्गदर्शन देने का निवेदन किया। यह मुलाक़ात न केवल एक संवेदनशील पहल रही बल्कि इसने कांग्रेस संगठन के उत्थान के लिए नए उत्साह और विश्वास का संचार भी किया।

### योजनाओं पर आयोजित हुई कार्यशाला

**अनूपपुर।** प्रमुख योजनाओ की जानकारी का केंद्र बनी कार्यशाला कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, मेरा युवा भारत अनूपपुर के जिला युवा अधिकारी डॉ. आर आर सिंह व लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष कुमार चौहान के कुशल मार्गदर्शन पर आनंदम सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी संस्था के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा में प्रमुख योजनाओ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# वनाधिकार अधिनियम को लेकर विमर्श 50 गांवों में खड़ा होगा स्थानीय नेतृत्व

जिले के होटल अनुराग रेजीडेंसी में मंगलवार को वसुंधरा संस्था के नेतृत्व में सपोर्ट नेटवर्क्स एवं एलाइंस की बैठक आयोजित की गई।



**डिंडौरी।** बैठक में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के इतिहास, व्यक्तिगत वन अधिकार (आईएफआर), सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआर) तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संस्थानों और नेटवर्क्स के बीच समन्वय स्थापित कर कम से कम 50 गांवों में स्थानीय नेतृत्व तैयार करना रहा, ताकि ग्राम स्तर पर एफआरए संबंधी जानकारी का प्रसार और जागरूकता अभियान को गति दी जा सके। मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल श्रीवास्तव ने एफआरए के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, वन अधिकार अधिनियम समुदायों की ताकत है। यदि ग्राम स्तर पर सही नेतृत्व और समझ विकसित हो तो सीएफआर और सीएफआरआर प्रक्रिया से गांवों को स्थायी हकदारी मिल सकती है। इस अवसर पर समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएँ सामने रखीं।

इंदरपाल मरकाम ने कहा कि, वनग्राम की सीमा निर्धारण को लेकर गांवों में कई अस्पष्टताएँ हैं। जब तक प्रशासन सीमाएँ स्पष्ट नहीं करेगा, तब तक सीएफआर के दावे लागू नहीं हो पाएंगे। वहीं शिवचरण ने सीएफआरआर प्रक्रिया की धीमी गति पर असंतोष जताते हुए कहा कि, ग्रामसभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद भी कागज़ी कार्यवाही में अनावश्यक देरी हो रही है। प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में जिले के विभिन्न नेटवर्क्स, सहयोगी संगठनों और ग्राम प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। वसुंधरा टीम के मुकेश सेन ने कहा कि, ऐसे संवाद समुदायों को जागरूक बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं। आने वाले समय में इन चर्चाओं को ज़मीनी स्तर पर उतारने के लिए साझा प्रयास किए जाएंगे।



## रामगढ़ में विकासखंड स्तरीय स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**अमरपुर।** विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत रानी अवंती बाई स्मारक रामगढ़ में विकासखंड स्तरीय स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष हन्नु सिंह पट्टा, स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती वंदना ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश नारनौरे विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे जन अभियान परिषद तथा स्वच्छ भारत मिशन विकासखंड समन्वयक योगेंद्र वरकड़े तथा वरिष्ठ नागरिक अशोक ठाकुर, ओम प्रकाश ठाकुर की उपस्थिति में रानी अवंती बाई स्मारक में रानी अवंती बाई की पूजन अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात आंशिक रूप से श्रमदान द्वारा गार्डन की साफ सफाई की गई तथा अंत में उपस्थित समस्त सहभागियों को जनपद अध्यक्ष हन्नु सिंह पट्टा द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा उपस्थित सहभागियों को अपने-अपने ग्रामों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा श्रमदान कर ग्राम के सार्वजनिक स्थल और घरों को स्वच्छ तथा 100% शौचालय प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया। उपरोक्त कार्यक्रम में पंचायत समन्वयक इंदर सिंह धूमकेतु, पंचायत सचिव ठाकुर सिंह मरावी, रोजगार सहायक सुनील ठाकुर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था से गणेश केवट, अरविंद यादव, राकेश कुमार मरावी, मेंटर्स राधे श्याम बनवासी, लाल सिंह ठाकुर, पत्रकार बलराम राजपूत, राजाराम बर्मन, रीत सिंह ठाकुर, नरेंद्र कुशराम, राकेश कुमार बर्मन, गणेश धुर्वे, कैलाश वनवासी, राजेंद्र धुर्वे एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## लगातार बारिश से सिवनी नदी उफान पर अधूरा पुल बना ग्रामीणों की परेशानी का कारण

**डिंडौरी।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोरखपुर सहित आसपास के अंचलों में सोमवार से हो रही लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। हालांकि मंगलवार को कुछ जगहों पर ही हल्की बारिश हुई, लेकिन पूरे दिन आसमान में काले बादलों का डेरा बना रहा।

गोपालपुर क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में हुई वर्षा से सिवनी नदी में तेज बहाव देखा गया। स्थानीय निवासी गोल्डी सारीवान ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र में केवल एक घंटे बारिश हुई, फिर भी सिवनी नदी में जबरदस्त बाढ़ आ गई।एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि वह सुबह गोपालपुर आए थे, लेकिन दोपहर में लौटते समय डायवर्शन पुल पर बाढ़ का पानी बहुत अधिक था और जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा था। इससे उन्हें काफी देर इंतजार करना पड़ा। वहीं स्कूली बच्चे भी छुट्टी के बाद पुल पर जमा पानी के उतरने का इंतजार करते दिखाई दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या केवल बाढ़ की नहीं है, बल्कि वर्षों से अधूरे पड़े पुल निर्माण की लापरवाही का नतीजा है। यदि समय रहते ठेकेदार द्वारा मुख्य पुल का निर्माण पूरा कर दिया गया होता, तो आज लोगों को डायवर्शन पुल से होकर गुजरने की मजबूरी और बाढ़ जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता।स्थानीय प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द पुल निर्माण कार्य पूरा करवा कर इस समस्या का स्थायी समाधान करे।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बरगांव स्वास्थ्य केंद्र में विशेष शिविर



**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अध्यक्ष कीर्ति भीमशंकर साहू, पूर्व सरपंच नत्थूलाल साहू, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित पटेल, सुपरवाइजर रामलाल साहू, ड्रेसर नंदूलाल साहू, स्टाफ नर्स स्वाती सैयाम, वार्ड बाय राकेश बैगा एवं एएनएम मंजूलता साहू उपस्थित रहे।

शिविर में महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई और निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। ग्रामीणों को एनीमिया, पोषण, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल सहित महिला स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अध्यक्ष कीर्ति भीमशंकर साहू ने कहा— महिलाओं और किशोरियों को अस्पताल में समय-समय पर जांच अवश्य करवानी चाहिए, ताकि बीमारियों की पहचान समय रहते हो सके और उनका इलाज सरल हो।

वहीं, सुपरवाइजर रामलाल साहू ने कहा— स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है। यदि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य सुविधा और पोषण मिलेगा तो पूरा समाज स्वस्थ और मजबूत बनेगा। ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

## ग्रामीण विकास कार्यों में बाधा, सरपंच संघ ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**डिंडौरी।** **मध्यप्रदेश सरपंच संघ ने पंचायती राज को सशक्त करने एवं ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने के लिए अपनी प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा।**

संघ के जिलाध्यक्ष फूलसिंह मरकाम, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दीपचंद पुषाम, जिला सचिव राजकुमार आर्मो एवं अन्य सरपंचों ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में किए गए संशोधनों से ग्रामीण मजदूरों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरी आधारित योजनाओं पर लगाए गए नए दिशा-निर्देशों को निरस्त कर पूर्व की भांति योजना संचालन की अनुमति दी जाए।

संघ ने मांग की है कि नरेगा में प्रगतिशील कार्यों की सीमा 20 से बढ़ाकर 50 की जाए, साथ ही ग्राम पंचायतों में आवश्यकता अनुसार चेक डैम, स्टॉप डैम, तालाब, पुलिया एवं ग्रेवल रोड जैसी संरचनाओं को स्वीकृति मिले। इसके अलावा सीमेंट क्रांक्रीट रोड को भी नरेगा में शामिल करने की अनुमति दी जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि मजदूरी समय पर न मिलने से मजदूरों को मजबूरन केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं हैदराबाद जैसे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। पंचायतों में मुरूम, बोल्डर और डस्ट जैसी सामग्री के उपयोग की भी अनुमति देने की मांग की गई है। संघ ने यह भी कहा कि कई ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों की जमीन अन्य पंचायत क्षेत्रों में आती है, जिससे योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है। इसलिए तालाब, मेंढ़ बांध और कपिल धारा कूप जैसी योजनाओं को वास्तविक हितग्राही के ग्राम में ही स्वीकृत किया जाए। ज्ञापन में शासन से मांग की गई है कि ग्रामीण मजदूरों और हितग्राहियों के हित को ध्यान में रखते हुए इन मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए।



## कुएँ से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**डिंडौरी।** गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने गांव के पास बने एक कुएँ के अंदर अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। शव की हालत क्षत-विक्षत बताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

सूचना मिलते ही गाड़ासरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएँ से बाहर निकलवाने की कार्यवाही शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव को कुएँ में फेंका गया है। मृतक की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह कुएँ से बदबू आने पर लोगों ने झांककर देखा तो अंदर शव पड़ा हुआ था। यह खबर फैलते ही मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा। साथ ही आसपास के थानों को भी सूचित कर अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## मानक विहीन निर्माण सामग्री से सामुदायिक भवन और बाउंड्री वॉल का निर्माण

# बिना दुकान फर्जी सप्लायर दीपक ट्रेडर्स को लाखों का भुगतान

**डिंडौरी**

करंजिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेनगुड़ा में निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में पांचवें वित्त की राशि और सांसद निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों में सरपंच और सचिव ने उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है। शिकायत के अनुसार सांसद निधि से स्वीकृत 25 लाख रुपये की लागत से बड़े टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें मानक विहीन रेत और गिट्टी घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जबकि बिलों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का भुगतान दिखाया गया है। इस तरह विकास की राशि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत में हाल ही में 5 लाख 75 हजार रुपये की लागत से बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें भी मानकों की अनदेखी कर



जर्जर मकानों से निकाली ईंटें और मिट्टी मिली रेत का उपयोग किया गया। नतीजतन, कुछ ही महीनों में दीवारों में बड़ी दरारें पड़ गईं और वॉल की स्थिति इतनी खराब हो गई कि वह गिरने की कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों ने सरपंच देव सिंह नेटी और सचिव शंकर लाल मार्को पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निर्माण कार्यों के दौरान जब उन्होंने विरोध जताया तो उन्हें मारपीट की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी उल्लेख किया



गया है कि सरपंच के द्वारा मनमानी पूर्वक सचिव के बिना हस्ताक्षर कराए ही लाखों रुपये के बिलों का भुगतान किया जा रहा है और पंचायत के सभी कार्यों का भुगतान अपने चहते सप्लायर "दीपक ट्रेडर्स" नामक फर्म को किया जा रहा है, जबकि गांव में इस नाम की बिल में दर्शाए गए पता में कोई सामग्री दुकान मौजूद ही नहीं है। इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि भुगतान सिर्फ कागजों में दिखाकर राशि का गबन किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि पंचायत में हुए निर्माण कार्यों की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और सरपंच और सचिव के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन कोई कार्रवाई करता है या फिर कार्रवाई खानापूर्ति तक ही सीमित रहेगी। खैर यह सब आने वाले कुछ दिनों में तय हो जाएगा। बरहाल ग्रामीणों का कहना है कि कलेक्टर के द्वारा जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं दादू लाल साहू (DADU LAL SAHU) पिता हीरा लाल साहू (HEERA LAL SAHU) आयु 44 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम व पो. ऑ. सारसडोली थाना मेंहदवानी तहसील - शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ मेरा आधार नं. 940990263909 है। मेरा नाम दादू लाल साहू (DADU LAL SAHU) पिता हीरा लाल साहू (HEERA LAL SAHU) है जो कि मेरे मतदाता फोटो पहचान पत्र एवं समस्त दस्तावेजों में अंकित है, किन्तु मेरे आधार कार्ड में नाम नाना लाल साहू (NANA LAL SAHU) त्रुटिवश लिख दिया गया है जिससे मुझे अत्यन्त परेशानिया हो रही है। मेरे आधार कार्ड क. 9409 9026 3909 में दर्ज नाम नाना लाल साहू (NANA LAL SAHU) को परिवर्तित कर (DADU LAL SAHU) पिता हीरा लाल साहू (HEERA LAL SAHU) दर्ज किया जावे, इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### कुलदीप शर्मा हुए सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस विलगुंवा स्थित वंशिका शुगर मिल में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गन्ना विशेषज्ञों द्वारा गन्ना फसल का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में आवश्यक तौर तरीके बोवनी से लेकर कटाई और समय-समय पर गुढ़ाई की विधि बताई। मिल में उपस्थित संचालक पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा कृषकों की तकलीफों को दूर करने उन्हें हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया गया इस मौके पर अधिक गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया गया जिसमें बंधी निवासी कुलदीप शर्मा को सर्वाधिक गन्ना उत्पादन कृषक के रुप में सम्मानित किया गया।

### भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई गई



**तेंदूखेड़ा।** श्रृष्टि के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर नगर के सभी विश्वकर्मा मंदिरों में सुबह से ही पूजन अर्चन किया गया। टाल मुहल्ला स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में समाज के सभी विश्वकर्मा समाज के श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। तथा पाल मुहल्ला स्थित अगरैया फाऊंड्री मंदिर परिसर में पूजन हवन किया गया। रात्रि के समय पूजन भजन कीर्तन सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### व्यक्ति ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी व्यक्ति द्वारा जहर का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उमेश ठाकुर पिता मूलचंद उम्र 32 वर्ष निवासी रीछा थाना ठेमी द्वारा अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### मंत्री श्री पटेल की मौजूदगी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# कलेक्टर, एसपी सहित 100 नागरिकों ने किया रक्तदान




### सेवा पखवाड़ा अभियान के विविध कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान मणिनागेन्द्र सिंह फांउडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना सहित 100 से अधिक नागरिकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग का अमला और नागरिक मौजूद थे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

सांसद चैधरी दर्शन सिंह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना, रामसनेही पाठक, सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला धार के भैंसोला में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मित्र पार्क, शिलान्यास, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम को जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। सांसद श्री सिंह ने कहा कि 17 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार, साफ- सफाई, पौधरोपण, स्वास्थ्य परीक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार का संदेश दिया जा रहा है। नारी स्वस्थ होगी, तो परिवार भी सशक्त रहेगा। नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए नागरिक को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं।

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ ने 17 सितम्बर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर जिला अस्पताल नरसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार को लक्ष्य मानकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, सुगर, यूरिन, सिकिल शेल एनिमिया और अन्य खून की जांचे की गई। इसमें डॉ.पुष्पराज पटेल हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. आर. के. चौधरी सिविल सर्जन, डॉ.वंदना स्त्री प्रसूती विशेषज्ञ एवं डॉ. अजय सोनी चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लगभग 354 स्त्री रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई।




### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुए कार्यक्रम

अनुसूचित जाति एवं अनुसचित जनजातीय विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में सेवा पखवाडा अभियान के आयोजन संबंधी शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, विकसित भारत थीम पर निबंध, वाद-विवाद, प्रतियोगिता छात्रावास परिसर की साफ-सफाई, छात्रावासों में एक पेड माँ के नाम के अतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम, विकसित भारत की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, खेल प्रतियोगिता, वृक्षरोपण, स्वच्छता एवं श्रमदान के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। बच्चों को स्वच्छता के लिये शपथ भी दिलाई जायेगी। श्रमदान एवं सेवा पखवाडा अभियान के दौरान अच्छे कार्य के लिये पुरूस्कार एवं प्रशंसा पत्र का वितरण किया जायेगा।

### ईको क्लब द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ में ईको क्लब द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य एस.के. बक्शी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसी अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।उपस्थित शिक्षकगण और छात्रों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और हरित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण कुबेर सिंह पटेल, भूपेंद्र सिंह पटेल, आशीष विश्वकर्मा, ओंकार गोस्वामी, प्रीति धुर्वे, गेंदालाल काछी, प्रशांत सिंगोतिया, ग्राम कोटवार सहित छात्र-छात्राएं अंकित धुर्वे, मोहन धुर्वे, अंजली लोधी, संगीता यादव, अंजनी यादव, रुकमणि यादव, सोनिया ठाकुर एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### हिन्दी दिवस पर व्याख्यानमाला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस एम. आई. एम. टी. कॉलेज में हिन्दी पखवाड़ा अंतर्गत हिन्दी दिवस का आयोजन विगत दिवस 17 सितम्बर 2025 को पाठकमंच हिन्दी साहित्य अकादमी म. प्र. संस्कृति परिषद जिला नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. सुधीर सिंघई के मुख्य आतिथ्य वरिष्ठ साहित्यकार, अशोक त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति सदस्य श्रीमती रश्मि दुबे, सुश्री दीक्षा केवट, सुश्री शीतल जाट, सुश्री कंचन तखरया, सुश्री कृतिका झारिया, हेमराज सेन, मो. आशिक अली तथा के. के. जाटव सहित समस्त विभागीय सांस्कृतिक प्रभारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर डॉ. एस. एन. राव उपप्राचार्य, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी. डी. उमरे सहित स्टाफ मेंबर्स व छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जप्त किए गए। इसी क्रम में थाना ठेमी अंतर्गत स्मैक तस्कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लाखन सिंह पटेल निवासी ग्राम रहली, थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर से 50 ग्राम स्मैक जिसकी कीमत पांच लाख रूपए बताई गई। आरोपी के विरूद्ध थाना ठेमी में धारा 8-ए (सी) 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगरीय क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड दिव्यांगता पत्र बनाने के लिए जिला मेडिकल बोर्ड नरसिंहपुर द्वारा जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में गुरुवार 18 सितम्बर को प्रात 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। ऐसे सभी दिव्यांग जिनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने हैं अथवा नवीनीकरण किया जाना है, वे उक्त शिविर में अपनी समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं।

## स्वास्थ सिस्टम पूरा फैल सभी तरफ कमीशन का खेल

### बिना पंजीयन के धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध पैथोलॉजी सेंटर

**नरसिंहपुर।** जिले में नियमों को ताक पर रखकर सैकड़ों पैथोलॉजी सेंटर चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे अपंजीकृत केंद्र बेखौफ होकर धड़ल्ले से जांच कर रहें हैं। इसे लेकर जिले का स्वास्थ महकमा और ना ही जिला प्रशासन गंभीर है। क्योंकि पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित ऐसे पैथलॉजी लैबो के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और ना ही यहां की लैबों की जांच की जाती है। बिना पैथोलॉजिस्ट व बिना प्रशिक्षित टेक्नीशियन के चल रहे पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित पैथलॉजी लैब का पंजीयन तो दूर बिना चिकित्सक व बिना प्रशिक्षित टेक्नीशियन के ही चलाए जा रहें हैं जांच केंद्र, ऐसे में यहां की जाने वाली जांच रिपोर्ट के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है। तथा उससे भी बड़ी बात ये है उसी जांच रिपोर्ट पर डॉक्टरों द्वारा दवा दी जाती है। इस तरह खुले तौर पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे। पैथोलॉजी लैब चलाने के लिए एमडी इन पैथोलॉजी चिकित्सक होना चाहिए। यदि नहीं है तो कम से कम एमबीबीएस चिकित्सक होना अनिवार्य है। बिना चिकित्सक के जितने भी लैब चलाए जा रहे हैं, सभी अवैध हैं। साथ ही लैब खोलने से पूर्व पंजीयन कराना जरूरी है।जिले में संचालित पैथोलॉजी सेंटरो में दलाली का खेल चलता है। बिना पैथोलॉजिस्ट चिकित्सक के संचालित पैथोलॉजी दलालों के भरोसे चलता है। यहां मरीजों को लाने के लिए दलाल होते हैं। साथ ही इसमें डॉक्टरों को अच्छा कमीशन दिया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार वैसे अवैध पैथोलॉजी वाले बिना जांच के या फिर गलत जांच कर रिपोर्ट दे देते है।

### महेश सिंह ठाकुर का स्वर्गवास



**गोटेगांव।** विगत दिवस बजरंग वार्ड रिप्टा मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित नागरिक राजेंद्र ठाकुर राजा के पूज्य पिताश्री महेशसिंह ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया। आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जन प्रतिनिधियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री ठाकुर की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## श्री पीएम स्कूल में सेवा पखवाड़े कार्यक्रम आयोजित



**गोटेगांव।** विगत दिवस एमपी बटालियन जबलपुर के एडम ऑफिसर कर्नल समीर बोड़से के निर्देशन में सेवा पखवाड़े का आयोजन बटालियन क्षेत्र में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत गोटेगांव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया झांसी घाट में 1 एमपी बटालियन जबलपुर के स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज कराई। सेवा पखवाड़े का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़कर सामाजिक कल्याण और सेवा के कार्यों को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत किया जा सके के उद्देश्य या सेवा पखवाड़े कार्यक्रम को आयोजित किया गया, कार्यक्रम में एनके रमाकांत हवलदार हेमंत नेगी ने विद्यालय में उपस्थित होकर सेवा पखवाड़े के उद्देश्यों को पूरा करने में अपना योगदान दिया। एवं एनसीसी ऑफिसर नारायण गुप्ता की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बनाया।

## टपरियों गांव आजादी के बाद भी पक्की सड़क नहीं



**गोटेगांव।** दुनिया चांद पर जा रही है नरसिंहपुर जिले गोटेगांव विकास खंड के अंतर्गत आने करकबेल ग्राम के नजदीक ग्राम टपरियों गांव आजादी के बाद भी पक्की सड़क नहीं है। हर वर्ष वरसात में यह मार्ग दल दल में तब्दील हो जाता है। जिसका खामियाजा ग्रामीण आज तक भुगत रहे हैं। 500 मीटर का यह कच्चा रास्ता आज भी अपने बनने की राह दे रहा है। लगभग 500 लोगों की आबादी वाला गांव आजादी के बाद भी एक पक्की सड़क बनने के लिए यहां के ग्रामीण जद्दोजहद कर रहे है। ग्राम में प्राथमिक स्तर का स्कूल है जिसमें पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण करते हैं। हर वर्ग के लोग परेशान हैं। ग्राम टपरियों बाशिंदे को पक्की सड़क न होने हर दिन चुनौती बनी हुई है। छोटे छोटे स्कूली बच्चों को इसी कच्चे दल-दल भरे मार्ग से रोज निकलना पड़ता है वहीं राहगीर किसानों को अपने खेतो खलिहानों तक पहुंचने भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।सबसे अधिक परेशानी तब होती है किसी बीमार व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाने जरुरत होती है लेकिन भारी खींचड़ खबना दल-दल के कारण आना जाना कष्टदायक होता है । वहीं दो पहिया चार वाहनों का आना जाना लगभग बंद हो जाता है।न जनप्रतिनिधियों को न ही प्रशासन को इसकी चिंता है।बस वोट लो फिर रफ्फूचक्कर हो जाओ ।

## चलो बुलावा आया है, माता रानी ने बुलाया है





### शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस सैकड़ों श्रद्धालु मैहर शारदा धाम होंगे रवाना

**गोटेगांव।** विगतदिवस अंतर्गत ग्राम कुकलाह पोनिया से विगत 7 वर्षों से पैदल यात्रा पावन पर्व शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस निकाली जाती है हर वर्ष की भांति इस 8वीं वर्ष भी मां शारदा उत्सव समिति भक्तों द्वारा मैहर माता के धाम तक विशाल पैदल पदयात्रा निकाली जा रही है जिसमे सैकड़ों भक्त मैहर के श्रीशारदा धाम माता के दर्शन करने इस पदयात्रा में शामिल होते हैं। विशाल पदयात्रा ग्राम कुकलाह पोनिया से नवरात्र के प्रथम दिवस बैठकी के दिन निकाली जाएगी यात्रा में शामिल होने के लिये माँ शारदा समिति कुकलाह पोनिया एवं ग्रामवासी के द्वारा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए लोगों से आवाहन कर रही है साथ ही भक्तों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था मां शारदा समिति द्वारा की जा रही है,यात्रा के पुख्ता व्यवस्था देख रहे राजेश लोधी शिवपाल पटेल यात्रा प्रथम दिवस माँ नर्मदा मंदिर कुकलाह पोनिया से रात्रि विश्राम मां नर्मदा तिलवाराघाट में द्वितीय दिवस मां नर्मदा घाट तिलवारा से रात्रि विश्राम घाट सिमरिया (सिहोर) तृतीय दिवस घाट सिमरिया सिहोरा से रात्रि तेवरीकला (कटनी) चतुर्थ दिवस देवरीकला कटनी से रात्रि सभागंज (सतना) पंचम दिवस सभागंज सतना से रात्रि विश्राम करने के उपरांत मां शारदा मैहर धाम पहुंचेंगे जिसके संरक्षक आशीष कुमार नेमा एवं अनिल पटेल है, पद यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ उठा कर अपने जीवन को सफल बनाने हेतु मो. 9755395045 पर अमित नेमा कुकलाह विकासखंड गोटेगांव से संपर्क कर सकते हैं.

## कबाड़ियों का बेरोकटोक धड़ल्ले से चल रहा कबाड़ का अवैध कारोबार

### रातों रात कबाड़ से भरकर बाहर भेजे जा रहे बड़े-बड़े ट्रक

**गोटेगांव।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में लाखों के कबाड़े के कारोबार पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है। हर दूसरे दिन कबाडी के यहां से रातों रात ट्रक भरकर कबाड़ जबलपुर, भोपाल जा रहा है। धड़ल्ले से कबाड़ का कारोबार फल-फूल रहा है। अवैध कारोबार में बड़े-बड़े कबाड़ के कारोबारीयों द्वारा छोटे छोटे नाबालिक मासूम बच्चों को झोंक रहे हैं। जिससे नौनिहालों का भविष्य चौपट हो रहा है। और उनका आगे आने वाला भविष्य को बर्बादी की ओर ढकेल रहे हैं ! आमजनों ने भी इन कबाड़खानो को बंद कराने की मांग की है। प्रशासन की अनदेखी के कारण क्षेत्र में कबाड़ व्यापारी खुलेआम कबाड़ का धड़ल्ले से व्यापार कर रहे हैं। इन दिनों कावाड़ियों का अवैध कारोबार बेखौफ चल रहा है। इस व्यवसाय को करने के लिए मानों किसी की भी अनुमति की आवश्यकता ही नहीं होती है। इसलिए क्षेत्र में ऐसे दर्जनों कबाड़ व्यवसाई हैं। जो बेरोकटोक होकर अपना कारोबार कर रहे हैं। अनैतिक गतिविधियों में शामिल कबाड़ी बताया जाता है कि कबाड़ी बिना सत्यापन के साइकिल मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन के साथ-साथ अन्य चोरी के सामानों को भी बेधड़क खरीद रहे हैं। कई कबाड़ी जिले में रेलवे आदि के लोहे भी खपाने का काम कर रहे हैं। इस व्यवसाय में जिले से बाहर कबाड़ बड़े आसानी से पार किया जा रहा है और इस व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है। आलम यह है कि कबाड़ियों के ऊपर नकेल नहीं कस पा रहे है। साइकिल और बाइक के कलपुर्जे को अलग अलग कर कबाड़ में बेच दिया जाता है इसके अलावा इस धंधे में लोहे के कीमती सामान तांबा, पीतल, लोहा जैसे कीमती सामान कबाड़ के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीदी कर लाखों करोड़ों कमाते हैं। छोटे-छोटे बच्चों का भी भविष्य अंधकार में इस धंधे में बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। कई मामलों में ऐसा भी देखने आया है कि कबाड़ीयों द्वारा मासूम



### कबाड़ कारोबारीयों द्वारा मासूम छोटे-छोटे नाबालिक बच्चों को भी झोंक रहे इस गोरख धंधे में

नाबालिक बच्चों से कबाड़ का माल खरीदने का कार्य कर रहे हैं जिससे मासूमों की बचपन से ही पढ़ाई लिखाई छोड़कर कबाड़ इकट्ठा कर बीनने में लगा रहे हैं। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सरकार बच्चों को मुफ्त शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, ड्रेस, छात्रवृत्ति, पुस्तके सहित सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। पैसे के लालच में बच्चे कबाड़ के काम में कर देते हैं। लग आते हैं जिससे मिलने वाले पैसों से गंदी आदतों का शिकार हो रहे हैं एवं उनका भविष्य भी कबाड़ हो रहा है। यह किशोर गरीब तबके के होते हैं. पारिवारिक व सामाजिक मार्गदर्शन नहीं मिलने से वे घरों में के आसपास के फेंके गए कचरे से कबाड़ चुनते हैं। और बाद में इन बच्चों का परिवारिक नियंत्रण नहीं होने के कारण नशे की अन्य भी गिरफ्त में आ जाते हैं और धीरे- धीरे वह चोरी को भी अंजाम देना शुरू अपनी आवश्यकता पूर्ति के लिए अक्सर यह बच्चे चोरी जैसे अपराध में लिप्त हो जाते हैं। जिससे क्षेत्र में चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही है, नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है जो अवैध तरीके से चल रहे धड़ल्ले से बेरोक -टोक यह कबाड़ के कारोबार पर ठोस कार्यवाही के साथ-साथ क्षेत्र में बढ़ रही लगातार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है